2021315

विषय : इतिहास
Subject : History

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

निर्देश: (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके अन्तर्गत सही विकल्प, रिक्त स्थान की पूर्ति, एक शब्द में उत्तर दो एवं सही जोड़ी मिलाओ, 4 खण्डों में विभक्त है। प्रत्येक खण्ड पर 5 अंक निर्धारित हैं। कुल 20 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम सीमा 25 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 व 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम सीमा 100 शब्द है।

(viii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

Instructions:

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No.1 is objective type question. They are divided in 4 parts. Each part has been 5 marks. Total 20 marks allotted.

(iii) Question No. 2 to 13 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. Maximum word limit of answer is 25 words.

(iv) Question No. 14 to 19 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word limit of answer is 50 words.

(v) Question No. 20 to 27 have internal choice.

(vi) Question No. 20 to 23 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Maximum word limit of answer is 75 words.

(vii) Question No. 24 and 25 are long answer type questions. Each question carries 5 marks. Maximum word limit of answer is 100 words.

(viii) Question No. 26 and 27 are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Maximum word limit of answer is 150 words.

(खण्ड-अ)

(PART-A)

प्रश्न-1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए - [1×5=5]

(A) Write the correct option -

(i) हड़प्पा की लिपि में लगभग कितनी संख्या में चिन्ह हैं?

(अ) 200

(ब) 300

(स) 400

(द) 500.

(i) What is the approximate number of sign found in the Harappan Script ?

(a) 200

(b) 300

(c) 400

(d) 500.

(ii) कावेरी डेल्टा किस फसल के लिए प्रसिद्ध है?

(अ) गेहूँ

(ब) चावल

(स) बाजरा

(द) मक्का।

(ii) The Kaveri delta is famous for which crop ?

(a) Wheat

(b) Rice

(c) Millet (Baajara)

(d) Maize (Makka).

(iii) 1757 में बंगाल का शासक था –

(अ) शुजा–उद–दौला

(ब) सिराज–उद–दौला

(स) मीर कासिम

(द) मीर जाफर।

(iii) The ruler of Bengal in 1757 was -

(a) Shuja-ud-daulah

(b) Siraj-ud-daulah

(c) Mir Qasim

(d) Mir Jafar.

(iv) औद्योगिक क्रांति सबसे पहले किस देश में हुई थी?

(अ) फ्रांस

(ब) अमेरिका

(स) इंग्लैंड

(द) जर्मनी।

(iv) Which was the first country to experience Industrial Revolution ?

(a) France

(b) America

(c) England

(d) Germany.

(v) सबसे अधिक शक्तिशाली जनपद कौन–सा था?

(अ) कौशल

(ब) अवंति

(स) मगध

(द) वज्जि।

(v) **Which was the most powerful Janapadas ?**

(a) Kosala

(b) Avanti

(c) Magadh

(d) Vajji.

(खण्ड-ब)

(PART-B)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - [1×5=5]

(B) Fill in the blanks -

(i) 18वीं शताब्दी में उच्च शिक्षा का माध्यम ..... एवं ..... थी।

(i) The medium of higher education till 18th century ..... and .....

(ii) तिरुपति मंदिर का निर्माण ..... के शासनकाल में हुआ था।

(ii) Temple of Tirupati was constructed during ..... the reign.

(iii) जेल में हिटलर ने ..... पुस्तक लिखी थी।

(iii) Hitler wrote the book ..... while he was in jail.

(iv) अक्सर उत्तम चारागाह भूमियाँ ..... के किनारों पर होती हैं।

(iv) Usually the best pastures lands are along .....

(v) ..... का स्तूप धार्मिक वास्तुकला का उदाहरण है।

(v) The ..... at stupa is an example of religious architecture.

(खण्ड-स)

(PART-C)

(स) एक शब्द में उत्तर लिखिए - [1×5=5]

(C) Write the answer in one word -

(i) नंद वंश का सबसे प्रमुख शासक कौन था?

(i) Who was the most important ruler of the Nand dynasty ?

(ii) शक किस क्षेत्र के निवासी थे?

(ii) The Shakas were the natives of which region ?

(iii) गाजी मलिक किस नाम से गद्दी पर सन् 1320 में बैठा?

(iii) Under which title did Ghazi Malik ascent the throne in 1320 A.D. ?

(iv) प्रथम विश्वयुद्ध में भारतीय सैनिकों ने किसकी ओर से युद्ध किया था?

(iv) Which side did Indian soldiers fight in World War I ?

(v) बर्लिन की दीवार कब गिरी?

(v) When did Berlin wall collapse ?

(खण्ड-द)

(द) सही जोड़ी मिलाइये - [1×5=5]

(अ)		(ब)	
(i)	कनिष्क	(अ)	सूफी शिक्षक
(ii)	पीर	(ब)	इंडोनेशिया
(iii)	सुकर्णो	(स)	कुषाण वंश
(iv)	कालिदास	(द)	मुगल वास्तुकला
(v)	ताजमहल	(इ)	संस्कृत काव्य

(PART-D)

(D) Match the following -

(A)		(B)	
(i)	Kanishka	(a)	Sufi Teacher
(ii)	Pir	(b)	Indonesia
(iii)	Sukarno	(c)	Kushan Vansh (dynasty)
(iv)	Kalidas	(d)	Mughal Architecture
(v)	Taj Mahal	(e)	Sanskrit Poetry

प्रश्न–2 वैदिक ग्रंथों में कौन से ग्रंथों को मंत्रों की श्रेणी में रखा गया? उनका उल्लेख कीजिए। [2]
Which texts are included in the Mantra category of the Vedic texts ? Mention them.

प्रश्न–3 दक्षिण पथ क्या था? [2]
What was Dakshinapatha ?

प्रश्न–4 दिल्ली सल्तनत का पतन कब शुरू हुआ? [2]
When did decline of Delhi Sultanate begin ?

प्रश्न–5 सैय्यद वंश का संस्थापक कौन था? [2]
Who founded the Sayyid dynasty ?

प्रश्न–6 'खालसा' शब्द से आप क्या समझते हैं? [2]
What do you understand from the term 'Khalsa' ?

प्रश्न–7 बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था? [2]
Who was the first Governor General of Bengal ?

प्रश्न–8 भारत का पहला समाचार पत्र कौन–सा था और यह कब प्रकाशित हुआ था? [2]
Which was the first newspaper in India and when was it published ?

प्रश्न–9 1937 ई. के चुनावों में कितने प्रांतों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला? [2]
How many provinces Congress got absolute majorities during 1937 election ?

प्रश्न-10 पूँजीवादी औद्योगीकरण के फलस्वरूप कौन-से दो वर्गों का उदय हुआ? [2]

Which are the two new classes emerged with capitalist industrialization ?

प्रश्न-11 अर्थशास्त्र किसने लिखा? [2]

Who wrote Arthshastra ?

प्रश्न-12 किस लिपि से ज्यादातर आधुनिक भारतीय लिपियाँ निकली हैं? [2]

From which script are most modern Indian scripts derived ?

प्रश्न-13 रामायण का हिन्दी रूप किसने लिखा और वह किस नाम से जाना जाता है? [2]

Who wrote the hindi version of the Ramayana and what is it known as ?

प्रश्न-14 आर्यों की सभ्यता की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। [3]

Write any three characteristics of Aryan-civilization.

प्रश्न-15 दिल्ली सल्तनत पर तैमूर के आक्रमण के क्या प्रभाव पड़े? (कोई तीन) [3]

What were the impact of Timur's Invasion of Delhi Sultanate ? (Any three)

प्रश्न-16 लॉर्ड डलहौजी की विलयनीति की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। [3]

Describe any three characteristics of merger policy adopted by Lord Dalhousie.

प्रश्न-17 वर्साय की संधि के क्या प्रावधान थे? संधि के तीन प्रावधान (शर्तें) लिखिए। [3]

What were the provisions of the Treety of Verscilles ? Write any three provisions.

प्रश्न-18 पश्चिमी यूरोप व उत्तर अमेरिका में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख तीन कारणों पर प्रकाश डालिए। [3]

Give the main three reasons of population growth in Western Europe and North America.

प्रश्न-19 सरदारी व बादशाहत में तीन अंतर बताइये। [3]

Write three differences between 'Chiefdoms and Kingdoms'.

प्रश्न-20 अशोक के धम्म की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। [4]

Write any four characteristics of Ashoka's policy of Dhamma.

(अथवा)

(OR)

तंत्रवाद के उदय के कोई चार कारण लिखिए।

Write any four factors that led to the rise of Tantrism.

प्रश्न-21 मुगलों के अधीन स्थानीय प्रशासन के कार्यों का विश्लेषण कीजिए। [4]

Analyze the works of the local administration under the Mughals.

(अथवा)

(OR)

विभिन्न भक्ति संतों की शिक्षाओं में क्या समानताएँ थीं?

What were the similarities in the teaching of various Bhakti Saints ?

प्रश्न-22 स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन के विकास की जड़ें बताइये। [4]

Trace the development of Swadeshi and Boycott movement.

(अथवा)

(OR)

''वर्ष 1947 विजय के साथ-साथ महान त्रासदी का भी वर्ष था।'' टिप्पणी लिखिए।

"1947 was a year of triumph as well as a great tragedy." Comment.

प्रश्न–23 विभिन्न विचार सम्प्रेषित करने में संगीतकारों का क्या महत्त्व है? [4]

What is the importance of musicians communicating different ideas ?

(अथवा)

(OR)

विज्ञापनदाता किस तरह आपको उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करते हैं? इसका उल्लेख कीजिए।

Describe how do advertisers tries to persuade you to buy the products ?

प्रश्न–24 पुरा पाषाण युग के दौरान उपयोग किये जाने वाले औजारों की प्रमुख विशेषताएँ और उपयोग लिखिए। [5]

What were the chief features and uses of the tools used during the Palaealithic period ?

(अथवा)

(OR)

नव पाषाण काल के लोगों के जीवन की एक झाँकी प्रस्तुत कीजिए।

Give an account of the life of the Neolithic people.

प्रश्न–25 तीसरी दुनिया के देशों में कृषि संबंधी आपदा के प्रभावों का वर्णन कीजिए। [5]

Describe the impact of agrarian crises in the third world countries.

(अथवा)

(OR)

अमीरों और गरीबों की जिंदगी का चित्रण शहर किस प्रकार करते हैं?

How do cities reflect the different lives of the rich and the poor ?

प्रश्न-26 प्रथम विश्वयुद्ध के कोई छः कारण लिखिए। [6]

Write any six reasons of World War I.

(अथवा)

(OR)

द्वितीय विश्वयुद्ध के छः परिणामों को लिखिए।

Write any six results of Second World War.

प्रश्न-27 1905 ई. की रूस की क्रांति क्यों महत्त्वपूर्ण थी? [6]

Why was the Russian revolution of 1905 important ?

(अथवा)

(OR)

नाजी नीतियों के क्या उद्देश्य थे? इन उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए हिटलर ने क्या-क्या प्रयास किये?

What were the aims of the Nazi policies ? How did Hitler try to achieve those aims ?

✶✶✶